समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# हुस्न परचम से तेरे रंग तक : 5 बार जब सई मांजरेकर ने अलग-अलग भाषाओं मे अंपने डांस परफॉर्मेसं से मचाया धमाल।

Publisher

Published on 11 Jun 2025



## सई मांजरेकर के डांस वीडियो ने सोशल मीडिया पर मचाया धमाका, देखिए उनकी 5 शानदार परफॉर्मेसं जो बनीं इंटरनेट सेसेंशन।

**मुंबई, 11 जून 2025: सई मांजरेकर** न सिर्फ अपनी **फिल्मों** और **एक्टिंग स्किल्स** को लेकर चर्चा में रहती हैं, बल्कि उनके डांस मूव्स भी फैंस के दिलों में खास जगह बना चुके हैं। हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक नया डांस वीडियो पोस्ट किया, जिसने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह डांस फ्लोर की रानी हैं। उनके चाहने वालों ने एक बार फिर उनके एक्सप्रेशंस, स्टाइल और ग्रेस की जमकर तारीफ की है।

आइए एक नजर डालते हैं उन **5 यादगार परफॉर्मेसं** पर, जिन्होंने सई को इंटरनेट डांस सेंसेशन बना दिया:

1. **तेरे रंग (फिल्म : अतरंगी रे)**
इस भावुक और रूमानी गाने पर सई मांजरेकर की परफॉर्मेंस ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके सॉफ्ट और फ्लोईंग मूव्स, चेहरे के एक्सप्रेशंस और कोरियोग्राफी की क्लासिक टच ने इस वीडियो को खास बना दिया। वीडियो पर लाखों व्यूज़ और हजारों लाइक्स आ चुके हैं।

2. **सैराट झालं जी (मराठी हिट)**
मराठी ब्लॉकबस्टर '**सैराट**' के इस गाने पर सई ने एक दमदार डांस परफॉर्मेंस दी, जिसमें उनकी चंचलता और एनर्जी साफ नजर आई। उनके मूव्स ने न केवल मराठी ऑडियंस बल्कि पैन इंडिया दर्शकों को भी आकर्षित किया।

3. **हुस्न परचम (फिल्म : ज़ीरो)**
कैटरीना कैफ पर फिल्माया गया यह ट्रैक जब सई मांजरेकर ने अपने अंदाज में किया तो उन्होंने एक नया लेवल सेट कर दिया। उनका कॉन्फिडेंस, अदा और स्टाइल देखने लायक था। सई की यह वीडियो खासतौर पर यंग जनरेशन के बीच वायरल हुई थी।

4. **कभी नीम नीम**
इस क्लासिक सॉन्ग पर सई ने एक शांत और ग्रेसफुल डांस परफॉर्म किया। उनके एक्सप्रेशन और नाजुक स्टेप्स ने दर्शकों को एक मधुर और कलात्मक अनुभव दिया। यह वीडियो उन फैंस को बेहद पसंद आया जो उन्हें एक ट्रेडिशनल लुक में देखना चाहते हैं।

5. **कोदथे (तेलुगु ट्रैक)**
तेलुगु हिट '**कोदथे**' पर सई मांजरेकर की हाई-एनर्जी डांस परफॉर्मेंस ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। उनका स्वैग, तेज़ मूव्स और बॉडी लैंग्वेज ने साउथ इंडियन फैंस का दिल जीत लिया।

**सोशल मीडिया पर धमाल**
सई मांजरेकर इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके डांस वीडियो पर लाखों व्यूज़ आते हैं और फैंस कमेंट सेक्शन में उन्हें '**ग्रेस क्वीन**', '**डांसिंग डॉल**' और '**मल्टी-लैंग्वेज स्टार**' जैसे टाइटल देते हैं।

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/06/following-the-sun-literally.mp4
ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.